C⚡PTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CIN-U40108CT2003SGC015820
कार्यालयः कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

क्रमांक : 01–01/पीडी–तीन/ 4779 रायपुर, दिनांक 15 SEP 2023

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (Assistant Engineer - Electrical) के पद पर कार्य करने के इच्छुक निम्नानुसार अर्हता प्राप्त आवेदको से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) की वेबसाइट www.cgvyapam.choice.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है :–

1. **पदों का विवरण** – सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (Assistant Engineer_Electrical) के रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

| ब्रांच | विवरण | प्रवर्ग | | | | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| इलेक्ट्रिकल | मुक्त (Open) | 20 | 2 | 10 | 6 | |
| | महिला | 8 | 0 | 4 | 2 | |
| | योग | **28** | **2** | **14** | **8** | **52** |

2. **सेवा श्रेणी** – द्वितीय श्रेणी।

3. **वेतनमान** – पे–मेट्रिक्स ओ–1, रूपये 56100-144300/-

4. **स्टायपेण्ड** – प्रशिक्षण अवधि छः माह की रहेगी। प्रशिक्षण अवधि में पे–मेट्रिक्स ओ–1, रूपये 56100-144300/- के प्रारम्भिक मूलवेतन रूपये 56100/- स्टायपेण्ड प्रतिमाह निर्णयानुसार देय होगा। प्रशिक्षण अवधि उपरांत पद के वेतनमान के प्रारम्भिक मूलवेतन, महॅगाई भत्ता एवं तत्समय लागू देय समस्त भत्तों जैसे महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, वाहन भत्ता आदि सहित भुगतान किया जावेगा।

5. **निवासी** – आवेदक जो भारत का नागरिक हो तथा विज्ञापित पदों की अर्हता को पूर्ण करता हो।

6. **आयु सीमा** – आयु सीमा की गणना **दिनांक 01-01-2023** को आधार मानकर की जावेगी। आयु सीमा में शिथिलता के पश्चात् अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी :–

| | |
|---|---|
| न्यूनतम आयु सीमा | – 18 वर्ष |
| अधिकतम आयु सीमा – | |
| अनारक्षित (पुरूष) | – 40 वर्ष * |
| अनारक्षित (महिला) | – 45 वर्ष ** |
| अनुसूचित जाति (पुरूष/महिला ) | – 45 वर्ष ** |
| अनुसूचितं जनजाति (पुरूष/महिला) | – 45 वर्ष ** |
| अन्य पिछड़ वर्ग (पुरूष/महिला) | – 45 वर्ष ** |

* - जन्म दिनांक 01.01.2005 के पश्चात एवं दिनांक 01.01.1983 के पूर्व का ना हो।
** - जन्म दिनांक 01.01.2005 के पश्चात एवं दिनांक 01.01.1978 के पूर्व का ना हो।

